# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 05.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **झामुमो ने विधानसभा चुनाव के समय भाजपा पर गोगो दीदी योजना के नाम पर वसूली का लगाया आरोप, भाजपा ने कहा– सरकार जांच कराये नहीं तो पार्टी करेगी कानूनी कार्रवाई।**

2. **जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने कहा– देवघर शहर को पुनासी जलाशय योजना से एक साल के अंदर मिलने लगेगा पानी, विस्थापितों को हर संभव मदद का दिया भरोसा।**

3. **रेलवे, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ के लिए 13 हज़ार रेलगाड़ियों का करेगा परिचालन, मेले में 40 करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान।**

4. **केंद्रीय तसर एवं रेशम प्रशिक्षण निदेशक एमपी चौधरी ने कहा– दुमका के तसर किसानों को समृद्ध बनाने और तसर व्यापार बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार उठा रही व्यापक कदम।**

*****************

झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भटट्ाचार्य ने कहा कि राज्य की झामुमो के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सर्वाधिक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कड़ी में राज्य सरकार मंइयां सम्मान योजना के तहत छप्पन लाख महिलाओं को हर माह ढ़ाई हजार रुपये की सम्मान राशि दे रही है। उन्होंने झारखंड विधानसभा चुनाव प्रचार के समय भारतीय जनता पार्टी पर प्रस्तावित गोगो दीदी योजना में फर्जीवाड़ा कर वसूली करने का आरोप लगाया है। सरकार उस वसूली के लिए कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

इधर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने झामुमो के आरोप को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि गोगो दीदी योजना में वसूली की राज्य सरकार जांच कराए अन्यथा भाजपा झामुमो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

*****************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर छात्र–छात्राओं के करियर के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष का पद अगस्त 2024 से खाली है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष नहीं रहने से कई परीक्षाओं का रिजल्ट अटका हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घोषणा की थी कि एक जनवरी 2025 से पहले ही जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं के लिए नियुक्ति कैलेंडर और परीक्षा परिणाम जारी कर दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

इधर जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए आंदोलन कर रहे लोगों ने राज्य सरकार से परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग की है।

*****************

राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त पदाधिकारी संजय कुमार प्रसाद के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। संजय प्रसाद पर पथ निर्माण विभाग में ठेके में गड़बड़ी का आरोप है। उन पर विभागीय निविदा समिति के सदस्य के रूप में टेंडर की दर से 10 प्रतिशत से ज्यादा कम कीमत वाले टेंडर को एल वन मानकर टेंडर आवंटित करने का भी आरोप है।

*****************

गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत को देवघर एम्स का स्थाई सदस्य चयनित किया गया है। इसकी सूचना जारी कर दी गई।

*****************

देवघर शहर में पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए राज्य सरकार के स्तर से पहल शुरू हो गई है। राज्य के जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि एक साल के अंदर पुनासी जलाशय योजना से देवघर शहर को पानी उपलब्ध कराया जायेगा। स्थानीय विधायक सुरेश पासवान की पहल पर जल संसाधन मंत्री ने पुनासी जलाशय योजना के विस्थापितों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली और हर संभव मदद का भरोसा दिया।

*****************

रेलवे कुंभ मेले के लिए 13 हज़ार रेलगाड़ियां चलाएगा। इनमें 3 हज़ार विशेष रेलगाड़ियां होंगी। ये रेलगाड़ियां महाकुंभ के दौरान 50 से अधिक दिनों तक चलेंगी। महाकुंभ में लगभग 40 करोड़ लोगों के आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज में महाकुंभ इस महीने की 13 तारीख़ से 26 फरवरी तक चलेगा। प्रयागराज गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम के लिए प्रसिद्ध है।

*****************

दुमका जिला में केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान और केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा "तसर रेशम कृषि मेले" का आयोजन किया गया। मेले में तसर उत्पादक किसानों को उत्पादन बढ़ाने और वैकल्पिक आय के लिए इसे मजबूत आधार बनाने के लिए प्रेरित किया गया। केंद्रीय तसर एवं रेशम प्रशिक्षण के निदेशक एमपी चौधरी ने कहा कि दुमका का तसर रेशम काफ़ी उच्च क्वालिटी का है। सरकार द्वारा इसके व्यापार को बढ़ाने के लिए कई स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। आने वाले समय में दुमका में बने तसर रेशम वस्त्र की ब्रांडिंग जोहार रेशम नाम से की जाएगी। वहीं दुमका के उप विकास आयुक्त **अभिजीत सिन्हा** ने कहा कि रेशम के क्षेत्र में यहां संभावनाएं अधिक हैं।

मौके पर सिदो कान्हू मुर्मू विश्विद्यालय के कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह, दुमका के वन प्रमंडल पदाधिकारी सात्विक व्यास भी मौजूद रहे।

*****************

गोड्डा में प्रधानमंत्री असाध्य रोग उपचार केंद्र का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। 50 बेड वाले पीएम क्रिटिकल केयर सेंटर में अगले माह से उपचार आरंभ हो जाएगा।

*****************

रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के पहले दुकानदारों का पुनर्वास करने की मांग प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि 2016 में नगर निगम ने सर्वे कराया था, जिसमें रांची की विभिन्न जगहों पर पांच हजार नौ सौ एक वेंडर लाइसेंस निर्गत किये गये थे। इसके बाद कहा गया था कि जहां पर वेंडर अपनी दुकान लगाकर व्यापार कर रहे हैं, वहां से हटाने पर उन्हें दूसरी जगह स्थान मुहैया कराया जायेगा लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नाम पर बिना नोटिस दिये, बिना समय दिये दुकानों को उजाड़ा जा रहा है।

*****************

पारा शिक्षकों की दूसरी आकलन परीक्षा आज हो रही है। इसमें 11 हजार से अधिक पारा शिक्षक भाग ले रहे हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल से मिली जानकारी के अनुसार राज्यभर में 26 केंद्रों में परीक्षा आयोजित हो रही है। गौरतलब है कि आकलन परीक्षा में वैसे पारा शिक्षक शामिल होते हैं, जो शिक्षक पात्रता परीक्षा में सफल नहीं हुए हैं। आकलन परीक्षा पास करने पर शिक्षकों के मानदेय में 10 फीसदी की वृद्धि होती है।

******समाप्त***********